'पुष्कर-अजमेर देहात हर कार्य में अव्वल रहा है सदस्यता में भी अव्वल रहेगा'

- हमारे त्योहार व पर्व जीवन रूपी गाड़ी में तेल व गिरिसिंग का कार्य कर ऊर्जावान बनाते है :-भूतड़ा
- सदस्यता अभियान में अजमेर देहात ने श्रेष्ठ कार्य कर प्रदेश में पाँचवा स्थान बनाया : चौधरी

पुष्कर,(निसं)। भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात ज़िला संगठन पर्व कार्यशाला ज़िलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा की अध्यक्षता में पुष्कर एक निजी रिसॉर्ट में संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्यतिथि कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में किसानों की आमदनी दुगना करने हेतु हर संभव प्रयासरथ है मोदी के कार्यकाल भारतीय अर्थव्यवस्था मज़बूती की और बढ़ रही है उन्होंने कार्यकर्ताओं से आवाह्न किया कि आज संगठन पर्व के इस अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि शेष रहे 10 दिन में ऐतिहासिक कार्य करेंगे। चौधरी ने कहा कि अजमेर देहात अपने बेहतरीन कार्य के लिए जाना जाता है और वर्तमान में प्रदेश भर में पाँचवे स्थान पर होना बड़ी उपलब्धि है हमें अगले दस दिनों में और श्रेष्ठ कार्य करना चाहिये।

राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि अजमेर देहात ज़िला पिछले पाँच वर्षों में हमेशा प्रदेश भर में अव्वल रहकर छाप छोड़ी है तो सदस्यता अभियान में भी हमें अव्वल रहना है।उन्होंने सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए सरकार आम जन के हितार्थ कार्य करने हेतु कृत संकल्पित है।

भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात ज़िलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने कार्यशाला के प्रारंभ में प्रस्तावना व स्वागत सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी प्राचीन व गौरवमयी संस्कृति का कमाल है कि हमारे त्योहार व पर्व हमारी जीवन रूपी गाड़ी में तेल व गिरसिंग का कार्य कर हमें में उत्साह व उमंग भरकर तमाम निराशाओं व विफलताओ पर विजय दिलाने का काम करते है।भारत व भारतीयों को त्योहार व पर्व से दूर नहीं किया जा सकता है हमारे सभी त्योहार व पर्व हमें कोई न कोई संदेश देता है।

ज़िला प्रभारी राकेश पाठक ने कहा कि दीपावली का पर्व भी हमें संदेश देता है कि जीवन में हम जिस परिस्थिति में भी है उस इस पर्व के साथ हमारे संगठन का पर्व भी चल रहा है जिसका प्रथम चरण पूर्ण होने के बाद दितीय चरण चल रहा है जो 15 नवम्बर को पूर्ण होकर हम तीसरे चरण में प्रवेश कर जाएँगे जिस की तैयारी हेतु आज कार्यशाला संम्पन हो रही है।

सदस्यता अभियान के प्रारंभ में आप का ज़िला प्रदेश में 18 वे स्थान पर था किंतु आप की कठोर मेहनत से पाँचवें स्थान पर आ गया है आप सब को बधाई।साथ ही आज संकल्प लेकर जाये कि जो 10 दिन का समय मिला है उस समय में सभी मंडल अपना टारगेट पूर्ण करेंगे साथ ही मण्डल में 150 सक्रिय सदस्य बनायेंगे।जो भी कार्यकर्ता 50 सदस्य बना ले उसे सक्रिय सदस्य बना देवे।किसी के साथ भेद भाव नहीं करे।

अजमेर देहात के सह जिला चुनाव अधिकारी प्रोफेसर बीपी सारस्वत नें आगामी संगठन पर्व के बारे में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा की भारतीय जनता पार्टी विश्व की पहली और सबसे बड़ी वह पार्टी है जिसमें पार्टी अपने संविधान और आंतरिक लोकतंत्र का पूर्ण पालन करती है। और नियमित रूप से भाजपा संगठन के चुनाव होते हैं। श्री सारस्वत नें कहा कि भाजपा संगठन में सर्वप्रथम भाजपा की सबसे महत्वपूर्ण इकाई बूथ अध्यक्ष के लिए चयन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। जिसमें भाजपा बूथ पर काम करने वाले योग्य कार्यकर्ताओं को बूथ पर जिम्मेदारी देगी। सारस्वत कहा कि इस संगठन चुनाव के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी को नए और ऊर्जावान कार्यकर्ता मिलने वाले हैं जिनका पार्टी अपने संगठन में समुचित उपयोग करेगी। कार्यशाला को नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा,मसुदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, सक्रिय सदस्यता के संयोजक जीतमल प्रजापत,सह प्रभारी पवन जैन, साधारण सदस्यता के संयोजक महेंद्र सिंह मझेवाला व पुष्कर सभापति कमल पाठक सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जीत मल प्रजापात व रायचंद बागड़ी ने किया।

कार्यशाला के बाद जनप्रतिनिधियों, मण्डल अध्यक्ष जनों व विधानसभा संयोजकों के साथ बैठक कर संगठन पर्व को सुव्यवस्थित करने व सदस्यता अभियान बढ़ाने पर चर्चा करते हुए इसकी रणनीति बनाई ।साथ ही आगामी दस तारीख तक मण्डल संगठन पर्व कार्यशाला करना सुनिश्चित किया।

मतगणना केन्द्र के बारे में विभिन्न निषेधाज्ञा आदेश जारी

नागौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा उप चुनाव 2024 हेतु मतदान तिथि 13 नवम्बर, 2024 तय की गई है। इस हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 130 के अनुसार मतदान केन्द्र में और उसके आस-पास 100 मीटर की परिधि में आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों और अधिकृत चुनाव / पुलिस अधिकारियों के अलावा किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने या उपयोग करने की अनुमति एवं मत संयाचना निषिद्ध है। इसके अतिरिक्त लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 131 के अन्तर्गत मतदान केन्द्रों एवं उसके निकट विच्छृंखल आचरण भी निषिद्ध है। साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 बी के अंतर्गत निर्वाचन हेतु नियुक्त सुरक्षाकर्मियों व अन्य अनुमत अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति के द्वारा हथियार रखना एवं उपयोग करना या हथियार के प्रदर्शन करना निषिद्ध होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) श्री अरुण कुमार पुरोहित द्वारा इस बारे में जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन विभाग द्वारा मतदान दिवस को मतदान केन्द्र / बूथ में एवं उसके 100 मीटर परिधि क्षेत्र में सुचारू, मतदान की व्यवस्था बनाए रखने हेतु यह निर्देश दिया गया है कि अधिकृत व्यक्तियों के अलावा कोई भी व्यक्ति मतदान बूथ में और उसके 100 मीटर परिधि क्षेत्र में कोई भी उच्छृंखल आचरण नहीं करेंगे तथा हथियार आदि ना तो रखेंगे, ना प्रदर्शन करेंगे तथा न ही उपयोग करेंगे एवं मोबाईल फोन न तो ले जायेगा और न ही उपयोग करेगा।

चौधरी हुए सेवानिवृत

अरांई, 04 नवंबर (निसं)। भू अभिलेख निरक्षक पद राजस्व विभाग से 31 वर्ष की गौरवशाली प्रभावशाली उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर सांवरलाल चौधरी को अपनी राजकीय सेवा से सेवानिवृत्ति होने पर ग्राम पंचायत सिरोंज सरपंच रामलाल मीणा के नेतृत्व में ग्राम वासियों द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर ग्राम पंचायत द्वारा चौधरी के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम के उपलक्ष में पांच लाभार्थियों को पट्टे वितरण किए गए। इस अवसर पर उपसरपंच प्रतिनिधि गुमान खजवानिया, पूर्व सरपंच हरिराम गीला, कालूराम चौधरी, रामलाल जाट, नारायण खाती, नंदकिशोर कुम्हार, ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार गुर्जर व कनिष्ठ सहायक भगवान लाल प्रजापत सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

प्रति सप्ताह होगी विभागों की प्रस्तुतिकरण के साथ समीक्षा

अजमेर, (कासं)। साप्ताहिक समन्वय बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलैक्टर ज्योति ककवानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें प्रति सप्ताह विभिन्न विभागों के कार्यों के प्रस्तुतिकरण के साथ समीक्षा किए जाने के निर्देश प्रदान किए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी ने कहा कि विभागों के आपसी समन्वय के लिए प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक बैठक में विभागों के कार्यों में प्रगति की समीक्षा प्रस्तुतिकरण के साथ की जाएगी। जिला कलैक्टर लोक बन्धु के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को अजमेर विकास प्राधिकरण, सार्वजनिक निर्माण विभाग, कृषि विभाग, कृषि विपणन विभाग एवं सहकारिता विभाग द्वारा अपने कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। इनके आधार पर विभागीय कार्यों में प्रगति की समीक्षा होगी।

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार द्वितीय सोमवार को जिला परिषद, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, जिला रसद अधिकारी कार्यालय एवं पीएचईडी परियोजना, तृतीय सोमवार को नगर निगम, अजमेर विद्युत वितरण निगम एवं आबकारी विभाग तथा चतुर्थ सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, जेएलएन चिकित्सालय, राजकीय महिला चिकित्सालय, पशुपालन विभाग, परिवहन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल अधिकारिता, महिला अधिकारिता एवं राजीविका के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य बजट में जिले के लिए की गई घोषणाओं से संबंधित कार्य त्वरित गति से करें। अधिकारी बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए निरंतर फॉलो अप करें। कार्यादेश जारी होने के पश्चात शिलान्यास की कार्यवाही करें। सार्वजनिक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जिला परिषद, विद्युत विभाग, अजमेर विकास प्राधिकरण सहित समस्त विभाग शिलान्यास के कार्यों की सूची सम्पूर्ण जानकारी के साथ उपलब्ध करवाएंगे।

कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

अजमेर, (कासं)। जिला कलैक्टर लोक बन्धु द्वारा सोमवार को अजमेर उपखण्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों की तत्काल प्रभाव से पालना की गई। उपखण्ड अधिकारी पदमा देवी ने बताया कि जिला कलैक्टर लोक बन्धु द्वारा उपखण्ड कार्यालय के निरीक्षण के दौरान विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की गई। जिला कलैक्टर ने कार्मिकों एवं अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इन निर्देशों की तत्काल पालना सुनिश्चित की गई।

उन्होंने जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से करने के लिए कहा। आमजन की सुविधा के लिए प्रत्येक टेबल पर होने वाले कार्यों की जानकारी चस्पा करने के निर्देश दिए।

होम वोटिंग का प्रथम चरण शुरू

नागौर । राजस्थान में सात विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर आज होम वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई। इसको लेकर नागौर जिले के खींवसर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर आज सुबह 8 बजे से होम वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के बाद निर्वाचन विभाग की टीमें संबंधित मतदाताओं के घर पहुंची और पूर्ण गोपनीयता के साथ होम वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न करवाई। इस दौरान निर्वाचन विभाग की टीमों ने मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी तथा निर्धारित प्रारूप में आवेदन करवाकर होम वोटिंग की प्रक्रिया पूर्ण की। आज खींवसर विधानसभा क्षेत्र में कुल 8 मतदान दलों की टीमें घटित की गई, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में जाकर संबंधित मतदाताओं से होम वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न करवाई। इस दौरान इन मतदाताओं में भी काफी उत्साह देखा गया। वहीं मतदाताओं ने बताया कि होम वोटिंग की सुविधा से उन्हें घर बैठे ही मतदान करने में आसानी हुई। पहले जहां उनको मतदान के लिए बूथ तक जाना पड़ता था, अब उन्हें घर बैठे ही मतदान करने की सुविधा मिलने से उनमें काफी उत्साह देखा गया।

यूरिया खाद के फिजिकल स्टॉक की जांच कर उपलब्धता की ली जानकारी

ब्यावर, (निसं) जिला कलेक्टर डॉ श्री महेंद्र खडगावत ने कहा कि काश्तकारों को जरूरत व नियमों के अनुसार डीएपी, यूरिया खाद का वितरण करना सुनिश्चित करें । वितरण केंद्र पर अनावश्यक भीड़ भाड़ ना हो इसके लिए वितरण व्यवस्था दुरुस्त करें ।जिला कलेक्टर सोमवार को क्रय विक्रय सहकारी समिति के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे ।जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान डीएपी यूरिया खाद के फिजिकल स्टॉक की जांच कर उपलब्धता की जानकारी ली । उन्होंने निर्देश दिए कि छोटे,मध्यम व बड़े कृषकों को समानता के अनुरूप खाद वितरित की जाए ।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वितरण में पारदर्शिता के लिए काश्तकारों को जमाबंदी की फोटोकॉपी वितरण के समय लेकर आने के लिए कहे। उन्होंने निर्देश दिए कि निजी या अन्य किसी भी केंद्र पर नकली खाद के वितरण पर शत प्रतिशत रोक लगाना सुनिश्चित करें इसके लिए विभागीय दल वितरण केंद्रों का औचक निरीक्षण कर जांच करें ।उन्होंने कहा कि विभाग ग्राहकों से अपील करें कि वितरण केंद्र पर डीएपी, यूरिया खाद लेते समय इसका बिल अवश्य ले एवं वितरण केंद्र द्वारा बिल देने में आनाकानी करने पर त्वरित रूप से लाइसेंस सस्पेंड की कार्रवाई करें ।इस दौरान जिला कलेक्टर ने पोस मशीन से वितरण प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में कितनी मात्रा में खाद आई, कितनी वितरित हुई एवं आगामी कितनी मांग है इसकी संपूर्ण रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करें ।जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मौजूद काश्तकारों से बात कर उनकी समस्याएं सुनी एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित रूप से निस्तारण के निर्देश दिए ।

इस दौरान कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक आरसी जैन व सहायक निदेशक संतोष तवर, हॉर्टिकल्चर के उपनिदेशक केपी सिंह सहित अन्य विभाग अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

आधार की सीडिंग अनिवार्य:- योजना के लाभ के लिए एनएफएसए राशन कार्डधारी परिवारों के सभी सदस्यों के आधार की सीडिंग अनिवार्य की गई है। इसके बाद 17 अंकों वाली एलपीजी आईडी की भी सीडिंग आवश्यक होगी। यदि राशन कार्ड पर कई सदस्यों के पास अलग-अलग गैस कनेक्शन हैं, तो प्रत्येक सदस्य के गैस कनेक्शन की एलपीजी आईडी को सीडिंग किया जाएगा। गेहूं प्राप्त करने से पहले आधार सीडिंग, एलपीजी आईडी सीडिंग, और इ़ केवाईसी को पूरा करना अनिवार्य होगा।

सभी उचित मूल्य दुकानदारों को निर्देश दिया गया है कि इन प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद ही गेहूं का वितरण किया जाए। यह अभियान 5 नवंबर से गेहूं वितरण कार्य के साथ आरंभ किया जाएगा।गेहूं का वितरण 5 नवबर से ही किया जाएगा। इससे पहले राशन की दुकान पर नहीं जाए। ऐसे लाभार्थी जिनका आधार नंबर राशन कार्ड में पहले से सीड नहीं है, को राशन की दुकान पर जाकर उनको अपना आधार नंबर सीड करा कर ई-केवाईसी करानी होगी, हालांकि 5 वर्ष के सदस्यों के लिए यह जरूरी नहीं है। गैस कनेक्शन की सीडिंग के लिए 17 अंकों की एलपीजी आईडी को अपनी गैस एजेंसी से लेकर ही राशन डीलर से गेहूं लेने जाएं।

धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री गुरूवार को आएंगे भीलवाड़ा

भीलवाड़ा। विख्यात आध्यात्मिक गुरू व कथावाचक बागेश्वरधाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज के मुखारबिंद से छोटी हरणी हनुमान टेकरी स्थित काठिया बाबा आश्रम के महन्त श्री बनवारीशरण काठियाबाबा के सानिध्य में श्री टेकरी के हनुमानजी कथा समिति के तत्वावधान में 6 से 10 नवम्बर तक तेरापंथनगर के पास कुमुद विहार विस्तार में आरसीएम ग्राउंड कथास्थल पर श्री हनुमन्त कथा आयोजन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी। पांच दिवसीय आयोजन के तहत 8 नवम्बर को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक बागेश्वरधाम सरकार का दिव्य दरबार लगेगा। श्री हनुमन्त कथा से पूर्व मंगलवार 5 नवम्बर को शाम 4 बजे दादीधाम मंदिर से कथास्थल तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें एक हजार आठ कलश सिर पर धारण किए मातृशक्ति भी शामिल होंगी। कथा आयोजन समिति की ओर से सोमवार दोपहर कथा ग्राउण्ड पर पत्रकार वार्ता में आयोजन से जुड़ी तैयारियों पर जानकारी दी गई। हनुमान टेकरी स्थित काठिया बाबा आश्रम के महन्त श्री बनवारीशरण काठियाबाबा ने बताया कि श्री हनुमन्त कथा श्रवण कराने के लिए बागेश्वरधाम सरकार पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री गुरूवार सुबह हेलिकॉप्टर से भीलवाड़ा पहुचेंगे। उनका आयोजन समिति द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष विधायक गोपाल खण्डेलवाल, संरक्षक प्रकाश छाबड़ा एवं संयोजक आशीष पोरवाल के नेतृत्व में श्री टेकरी के हनुमानजी कथा समिति के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी पूरे समर्पित भाव से जुटे हुए है ओर समाज के सभी वर्गो का सहयोग इस आयोजन के लिए प्राप्त हो रहा है। विशेषकर छोटी हरणी के निवासियों का भी खूब सहयोग इस कार्यक्रम के लिए मिल रहा है। कथा समिति के अध्यक्ष विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने कहा कि कथा स्थल पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुजन बैठ सके इसकी व्यवस्था की गई है। करीब पौने दो लाख वर्ग फीट का विशाल डोम तैयार करने के साथ 40 से अधिक विशाल एलईडी भी लगाई जाएगी।

गुर्जर देवसेना संस्था के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव नियुक्त

मसूदा, (निसं) । अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था (भारत) की कोर कमेटी के अनुमोदन के बाद सोमवार को जारी किया नियुक्ति आदेश।सोमवार को कार्यकारी सदस्यों का विस्तार करते हुए। मसूदा निवासी पूर्व अतिरिक्त जिला कलक्टर रामसुख गुर्जर मसूदा को संगठन का नया राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया। गुर्जर का प्रशासनिक अनुभव, नेतृत्व कौशल और समाज सेवा के प्रति समर्पण के कारण ही उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए सर्वसम्मति से चुना गया। रामसुख गुर्जर मसूदा का नाम देशभर में समाज सुधार और सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपनी मेहनत, निष्पक्षता और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण के बल पर समाज में व्यापक योगदान दिया है। उनकी नियुक्ति के साथ, संगठन को और भी सशक्त बनाने, युवाओं को प्रेरित करने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की आशा है।रामसुख गुर्जर का योगदान गुर्जर समाज के लिए अनमोल रहा है। उनकी नियुक्ति से संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिले। गी। हम आशा करते हैं कि उनके नेतृत्व में देवसेना समाज को और सशक्त बनाएगी और समाज में विकास,उत्थान की नई राहें खोलेगी।

सार-समाचार

मादक पदार्थ स्मैक व गांजा जब्त

ब्यावर (निसं) पुलिस थाना ब्यावर सिटी, ब्यावर सदर, साकेतनगर व जवाजा की संयुक्त रूप से गठित टीमों द्वारा शहर मे अवैध मादक पदार्थ तस्करो के खिलाफ कार्यवाही की गई। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा व वृताधिकारी राजेश कसाना के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना ब्यावर सिटी विजय सिंह व पुलिस थाना ब्यावर सदर, साकेतनगर व जवाजा की संयुक्त टीमों द्वारा शहर में अवैध मादक पदार्थ तस्करो के खिलाफ कार्यवाही करते हुऐ दो आरोपीयो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध स्मैक व गांजा किया जब्त किया गया है। गौरतलब है की 24 अक्टुंबर को थानाधिकारी पुलिस थाना ब्यावर सिटी व पुलिस थाना ब्यावर सदर, साकेतनगर व जवाजा की संयुक्त अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। मुखबिरों से प्राप्त सूचनाओं का संकलन करते हुऐ ब्यावर शहर में अवैध मादक पदार्थ तस्करो के खिलाफ दो अलग-अलग कार्यवाही करते हुऐ आरोपी विनोद नारावत पुत्र विशनाराम नारावत उम्र 22 साल निवासी सांसी बस्ती बलाडा, पुलिस थाना आनन्दपुर कालु, जिला ब्यावर से सफेद पारदर्शी प्लास्टिक थैली मे 3 ग्राम 350 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक पाउडर जब्त किया। दुसरी कार्यवाही मे आरोपी दीपक चांदावत पुत्र जयन्ती लाल उम्र 40 वर्ष निवासी सांसी बस्ती, छावनी पुलिस थाना ब्यावर सिटी जिला ब्यावर से 102 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त करने में सफलता मिली। विजय सिह उनि थानाधिकारी थाना पुलिस थाना ब्यावर सिटी एवं उनकी टीम, प्रकाश राम सउनि पुलिस थाना ब्यावर सदर मय टीम, तेजाराम सउनि पुलिस थाना साकेत नगर मय टीम, पुलिस थाना जवाजा द्वारा कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

निःशुल्क दिव्यांग शिविर शुभारंभ

अजमेर, (कासं)। श्री भगवान महावीर सहायता समिति जयपुर के सौजन्य से 04 एवं 05 नवम्बर को दो दिवसीय निशुल्क दिव्यांग उपकरण चिन्हीकरण शिविर जिला परिषद में आयोजित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ सुरेश सिंधी लोकपाल (महानरेगा) जिला परिषद अजमेर के मुख्य आतिथ्य में तथा कर्ण सिंह जोधा के मार्गदर्शन में किया गया। सुरेश सिंधी ने बताया कि श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा दिव्यांगो के हित में जो यह कार्य किया जा रहा है वह प्रशंसनीय है। समिति के संभाग कॉर्डिनेटर सुरेश मेहरा ने बताया कि दो दिवसीय दिव्यांग उपकरण चिन्हीकरण शिविर में अजमेर शहर के समस्त दिव्यांगो का चिन्हीकरण कर सूची तैयार की जायेगी। जिन्हे आगामी दिनों में बजट आने पर एक विशाल वर्कशॉप लगाकर हाथो-हाथ उपकरणो का निशुल्क वितरण किया जायेगा। वितरण शिविर में लगभग 2000 उपकरणो के वितरण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से अब तक 1500 उपकरणो का चिन्हीकरण कर लिया गया है। दो दिवसीय चिन्हीकरण शिविर का समापन 05 नवम्बर को सुशील कंवर पलाड़ा जिला प्रमुख जिला परिषद अजमेर के कर-कमलो द्वारा किया जायेगा।

अन्नकूट महोत्सव आज

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। गोपाल बिहारी मंदिर समिति द्वारा पुराना शहर में मंगलवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा। जगतगुरु निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्यामशरण देवाचार्य के सानिध्य में गोपाल बिहारी मंदिर में 5 नवंबर को सांय 4 बजे संकीर्तन एवं महाआरती के बाद अन्नकूट प्रसाद वितरण किया जाएगा। तैयारियो को लेकर आयोज्य बैठक में समिति संयोजक रमेश राठी, अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कुमावत, उपाध्यक्ष महेश मूंदड़ा, धर्मवीर कोठारी, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास कालानी, सचिव सुनील जाखेटिया, सहसचिव प्रतीक कुमावत, अर्पित काबरा आदि मौजूद रहे।

लापरवाही नहीं बरतने के दिए निर्देश

ब्यावर (निसं) जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने सोमवार को आदेश जारी कर रायपुर तहसील के अतिरिक्त पटवार मंडल बाबरा के ग्राम बूटीवास पटवारी भूराराम सिंघाड़िया को निलंबित किया ।जिला कलेक्टर ने रायपुर उपखंड अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर सीसीए नियम 1958 के नियम 13 के तहत त्वरित प्रभाव से निलंबित किया ।जिला कलेक्टर के आदेशानुसार निलंबन काल में पटवारी भूराराम का मुख्यालय उपखंड कार्यालय मसूदा रहेगा एवं निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता दिया जाएगा ।उन्होंने कहा कि राजकीय कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, सभी सरकारी अधिकारी व कार्मिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक करें ।

सीडिंग अभियान पाँच नवम्बर को

ब्यावर (निसं) जैतारन, रायपुर ब्लॉक में राशन डीलर की मीटिंग कर प्रशिक्षण दिया गया जिसमे जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक़ और प्रवर्तन निरीक्षक मुरारी लाल ने योजना की जानकारी दी। राशन डीलर को गेहूं वितरण से पहले एलपीजी की 17 अंकों की आईडी की सीडिंग करनी होगी।रसोई गैस सिलेंडर को 450 रुपए में उपलब्ध कराने की योजना का विस्तार किया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और बीपीएल परिवारों को मिलने वाला लाभ खाद्य सुरक्षा के चयनितों को भी बजट घोषणा 2024-25 के अनुसार दिया जाएगा। इस योजना का लाभ सितंबर 2024 से सभी एनएफएसए पात्र परिवारों को दिया जाएगा।

भगवान महावीर का पूजन कर मंगलाचरण प्रस्तुत

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। महिला रत्न सुशीला पाटनी (आर के मार्बल) के सानिध्य में दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा धन्य तेरस के उपलक्ष में विद्यासागर पाठशाला के बच्चों ने महावीर भगवान की पूजन किया।सांस्कृतिक मंत्री मोना झांझरी ने बताया कि पूजन के पश्चात आर के मार्बल परिवार से सुशीला पाटनी ने मिठाई वितरण के साथ होनहार बच्चो को पुरस्कार हौसला बढ़ाया। महिला रत्न पाटनी ने जैनाचार्य सुनील सागर संसघ के समक्ष मंगलाचरण प्रस्तुत किया। रीना दगडा पत्नी लोकेश दगडा द्वारा द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जितने पर इनको भी सम्मानित किया। इस दौरान आर के मार्बल ग्रुप चेयरमैन अशोक पाटनी, सुरेश पाटनी, सुशीला पाटनी, मुनिसुव्रत पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी, आदिनाथ पंचायत अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल, संपत दगडा, बसंत वैद, देवेन्द्र झांझरी, चन्द्रप्रकाश वैद, महिला महासमिति अध्यक्ष सुलोचना कासलीवाल, सरिता पहाड़िया, बीना कासलीवाल, नवरत्न दगड़ा, सुनीता काला, सरिता पहाड़िया, सुनीता गंगवाल आदि समाज जन उपस्थित रहे।

सुअर चोरी के मामले मे एक आरोपित गिरफ्तार

अजमेर, (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुए सुअर चोरी के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। हैड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार ने बताया कि दौराई रेलवे स्टेशन

NAME CHANGE

I PRAGYA DAS is wife of Army No 15160641X Rank- Hav Name RAJKUMAR NIRMALKAR Residing at- Village- BUDGHAN, Post - BUDGHAN Teh - JANJGIR Dist - JANJGIR CHAMPA State- CHHATTISGARHP in - 495559I Have changed my name PRAGYA DAS MAHANT to PRAGYA DAS Vide affidavit no BW 940562 Date 30/10/2024 before court CAMPAUS Nasirabad

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की अर्जुन लाल सेठी नगर योजना के आवास संख्या 313 EWS. क्षेत्रफल 40 वर्ग मी. का श्री रतन लाल मण्डरावलिया पुत्र श्री मिश्री लाल निवासी म.नं. 313 अर्जुन लाल सेठी नगर अजमेर द्वारा संबंधित मूल लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर लीज होल्ड से फ्री होल्ड का पट्टा हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवास का लीज होल्ड से फ्री होल्ड किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम लीज होल्ड से फ्री होल्ड की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांकः- न.नि.अ/24-25/भवन/562 दिनांकः 18/10/24

आपति सूचना

श्री गोपाल नारवानी पुत्र श्री चुन्नीलाल नारवानी निवासी 33-ए नेहरू नगर अजयनगर सांई बाबा मन्दिर के पास, अजमेर एवं श्री दिनेश नारवानी पुत्र श्री चुन्नीलाल नारवानी निवासी 33-ए राम सीता भवन नेहरू नगर अजयनगर अजमेर द्वारा एक सम्पति जिसका ए.एम.सी. सं. 524/8=160/12 387/10 372/16 का एक भाग है जो वाकै कवण्डसपुरा अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 41.76 वर्गमीटर है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। पूर्व- कवण्डसपुरा रोड, पश्चिम- न्यू कवण्डसपुरा रोड, उत्तर- सम्पति श्री चन्दीराम की, दक्षिण- उक्त ए.एम.सी. नं. की शेष भाग सम्पति। अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/नामा./2024/3832 आम सूचना दिनांक : 29.10.24

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लॉट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

नामान्तरण

फाइल नं.	आवेदन नाम	मूल आवंटी/ नामान्तरण	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
306	1. शंकर नामदेव पंवार 2. सचिन पंवार पुत्रगण नाम